विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक संख्या–6221/एडमिन 'जी–1'/2019, इलाहाबाद दिनांकित 14.05.2019 द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुक्रम में जनपद देवरिया के परिवार न्यायालयों में परामर्शदाताओं की नियुक्ति की जानी है, जिसके संबंध में शासनादेश संख्या–102/सात–न्याय–2–2015–728/86 न्याय अनुभाग–2 अधीनस्थ न्यायालय लखनऊ दिनांकित 18.06.2015 के द्वारा निम्न अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1– आवेदक समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और समाज सेवा का अनुभवी हो, ऐसे आवेदक को जो सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउंसिलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो, उसे वरीयता दी जायेगी।

2– आवेदक की आयु इस विज्ञप्ति के जारी होने की दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

3– परामर्शदाता का कार्यकाल 03 (तीन) वर्ष का होगा।

4– परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

5– जनपद देवरिया के आवेदकों को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जायेगी और जनपद देवरिया के अर्ह आवेदक उपलब्ध न होने या दूसरे जिलें के आवेदकों की नियुक्ति पर विचार किया जायेगा।

जो पुरूष अथवा महिला इस पद पर नियुक्त होने के इच्छुक हो, वे अपना आवेदन–पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति सहित दिनांक 10.06.2019 तक प्रशासनिक कार्यालय जनपद न्यायालय, देवरिया में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित कर सकते हैं।

(अरूण कुमार मिश्र)
जनपद न्यायाधीश,
देवरिया।

प्रतिलिपिः–

1–प्रभारी अधिकारी, नजारत, जनपद न्यायालय, देवरिया को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त आदेश की प्रति नोटिस बोर्ड पर, बार एसोसिएशन जनपद न्यायालय देवरिया, बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्डो पर चस्पा कराना सुनिश्चित करे।

2–जिला सूचना अधिकारी, देवरिया को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

3–प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, देवरिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

4–सिस्टम अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग जनपद न्यायालय देवरिया इस आशय से प्रेषित हो कि वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि को जनपद न्यायालय, देवरिया व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

30.5.19

(अरूण कुमार मिश्र)
जनपद न्यायाधीश,
देवरिया।

जनपद न्यायालय देवरिया में परिवार न्यायालय हेतु परामर्शदाता पद के लिये

आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो चिपकाएं

1. पद का नाम : ....
2. अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में)– ....
   (अंग्रेजी में)– ....
3. पिता/पति का नाम (हिन्दी में)– ....
   (अंग्रेजी में)– ....
4. स्थायी आवासीय पता– ....
   ....
5. पत्राचार हेतु पता– ....
   ....
6. जन्मतिथि : ....
7. दिनांक : 31.05.2019 को अभ्यर्थी की आयु ....वर्ष..............माह..................दिन (जन्मतिथि के लिए सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण–पत्र की प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें)
8. शैक्षिक योग्यता उत्तीर्ण परीक्षाओं का उल्लेख करें और प्रमाण–पत्रों तथा अंकतालिकाओं की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें।

   शैक्षिक योग्यता का विवरण–

क्रम संख्या	परीक्षा/डिग्री	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	वर्ष	टिप्पणी

9. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है अथवा उसे किसी आपराधिक वाद में दंडित किया गया है। (यदि हो तो उसका उल्लेख करें) ....
   ....

नोट– यह आवेदन–पत्र में अंकित किया जाना आवश्यक है।

10. अनुभव यदि कोई हो तो ....

घोषणा–पत्र

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण/सूचनाएं सत्य हैं और मेरे द्वारा कोई तथ्य नहीं छिपाया गया है। यदि कोई विवरण या सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है या कोई तथ्य छिपाया जाना पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाय। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जायें।

संलग्नकों की संख्या (अंको एवं शब्दों में)– ....

विवरण–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
दिनांक–